सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 16.08.2024

नाबालिग बालक का अपहरण करने वाले 01 वांछित अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना सिविल लाइन पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 14.08.24 को वादी भूरे पुत्र शिव नारायण निवासी ग्राम नगला नगौली थाना सिविल लाइन जनपद इटावा द्वारा थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी गयी कि जब उसका 07 वर्षीय पुत्र मयंक सुबह समय करीब 7:30 बजे स्कूल जा रहा था तभी ऑटो से 03 व्यक्ति आये और उसके पुत्र का अपहरण कर लिया ।सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अपहरण करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बालक को सकुशल बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना सिविल लाइन पर **मु0अ0सं0 169/2024 धारा 140(2)/61(2) बीएनएस पंजीकृत कर दिनांक 15.08.2024 को 02 अभियुक्तगण मनीष पुत्र जयवीर सिंह निवासी सराय दयानत थाना सिविल लाइन जनपद इटावा उम्र 20 वर्ष तथा अभिषेक उर्फ हिमांशु पुत्र राजेश कुशवाहा निवासी अनूप नगर थाना सिविल लाइन जनपद इटावा उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सिविल लाइन से पुलिस टीमों का गठन किया गया । इसी क्रम मे थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा आज दिनांक 16.08.2024 को थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे वांछित **अभियुक्त प्रकाश सिंह चौहान पुत्र राजू सिंह चौहान को ओम नवजीवन हॉस्पिटल लुहन्ना चौराहे के पास से समय 11.50 बजे गिरफ्तार किया गया ।**

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. **प्रकाश सिंह चौहान पुत्र राजू सिंह चौहान निवासी मुडियापुरा थाना बाह जनपद आगरा हाल पता ओमनवजीवन हॉस्पिटल के पास लुहन्ना चौराहा थाना सिविल लाइन जनपद इटावा उम्र 36 वर्ष ।**

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 169/2024 धारा 140(2)/61(2) बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा ।

पुलिस टीम- निरी0 श्री यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन,उ0नि0 कपिल भारती, का0 राहुल कुमार मय टीम ।